तापमान
अधिकतम 35 .3 डिग्री
न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 13 अप्रैल 2026

14 बढ़ती पेशेवर प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों में भावनात्मक ..

14 ज्योतिबा फुले के जयंती समारोह पर स्कूली छात्रों ..


## भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में पेश की सर्व समाज के भाईचारे और आपसी सद्भाव की मिसाल


# मर्यादा में रहकर समाज का नाम रोशन करे युवा पीढ़ी : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में रविवार को सर्व समाज भाईचारा की ओर से आयोजित भाईचारा स्नेह मिलन समारोह में सर्व समाज के भाईचारे और आपसी सद्भाव की मिसाल पेश की गई। समारोह में सर्व समाज के प्रबुद्धजनों ने शामिल होकर और हाथ खड़े कर कहा कि सिंधु परिवार ने हमारा मान सम्मान रखा है, इसलिए सभी इस परिवार के साथ है और जहां भी जरूरत होगी सभी साथ खड़े होंगे।

समारोह में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज नई पीढ़ी मर्यादा में रहकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करे। समारोह की अध्यक्षता जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने की। समारोह में मंच से वक्ताओं ने कहा कि जाट आंदोलन के दौरान कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने बहुत बड़ा नुकसान झेला।

सभी वक्ताओं ने समारोह में मौजूद प्रबुद्धजनों से मिलजुलकर भाईचारा कायम रखने का आह्वान किया। हर्ष देव ने समारोह में मौजूद प्रबुद्धजनों का गीत गाकर उत्साहवर्धन किया।


कुरुक्षेत्र। सर छोटू राम की प्रतिमा पर माला अर्पण करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।


कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

समारोह को सफल बनाने में अभिमन्यु वीरू कड़ामी, मोहित पाई, हर्ष, आर्यन सोलखे व अनुज का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डा. हवा सिंह, रणजीत, कृष्ण श्योकंद, हरकेश लाल, गुरदयाल सिंह कडामी, रविंद्र सांगवान ठोल, तुषार ढांडा, राजेश ढांडा, गुरमेज संघौर, महिपाल, पूर्व सरपंच जसमेर पुनिया, ढांडा खाप के उप प्रधान सुनील आर्य, ऋषिपाल सहारण, पूर्व सरपंच वीरेंद्र, सरपंच जसवंत बुरा, सरपंच नरेंद्र बिडान, रमेश, सीताराम ढुल, सतबीर कालारमना, सरपंच मुकेश चहल, सतबीर मंगौली, मास्टर वेद प्रकाश, रमेश सिहमार सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### युवा नशे और गलत संगत से बचे: पूर्व वित्त मंत्री

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज नई पीढ़ी भ्रमित है। उसको सही दिशा दिखाए जाने की जरुरत है। युवा पीढी से आह्वान किया कि नशे से बचे, गलत संगत से बचे। मर्यादा में रहकर अपने परिवार का नाम रोशन करे, अपने समाज का नाम रोशन करे। नई पीढी अपना भविष्य सुधार कर समाज में अपना अमूल्य योगदान दे। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आगजनी से हरियाणा प्रदेश का भाईचारा तार-तार हुआ था। ये एक गहरा राजनीतिक षड़्यंत्र था। इसकी परते धीरे-धीरे खुल रही है। सच एक दिन सामने आएगा। सच परेशान हो सकता है सच को छिपाया नही जा सकता। सच की विजय जरुर होती है।

### काबिलियत के दम पर देश का नाम ऊंचा कर रहे युवा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज काबिलियत के दम पर हमारे युवा दुनिया में देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं। विदेशों में भी हमारे देश के युवा बड़े-बड़े पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा देने के लिए नई पीढ़ी को समझना होगा। कैप्टन अभिमन्यु ने एक शायर की पंक्ति सुनाकर नौजवानों में जोश भरते हुए कहा कि 'अभी तो बहुत मुकाम बाकी है, अभी तो नापी है कुछ गज जमीन हमने अभी तो पूरा आसमान बाकी है।' कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि हरियाणा के युवा देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी में अच्छी रैंक लेकर देश के भविष्य के नीति निर्धारक बनने का काम कर रहे हैं।

### भाईचारे को मजबूत किया



कुरुक्षेत्र न्याय की धरती है। जहां पर महाभारत हुआ। जहां अधर्म को हराकर धर्म ने विजय प्राप्त की। जहां पर न्याय की एक मिसाल कायम की। आज के इस समय में अगर किसी को मानते है वो कैप्टन अभिमन्यु को मानते है। इन्होंने त्याग की भावना दिखाते हुए भाईचारे को मजबूत करने काम किया है। मैं सिंधु परिवार के आभारी हूं। -तुषार ढांडा।

### परिवार सामाजिक कार्यों में सक्रिय



कैप्टन अभिमन्यु व उनका परिवार सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देता रहता है। ये परिवार सभी का आदर करता है। मैं कैप्टन अभिमन्यु के साथ बहुत लंबे समय से जुड़ा हुआ हूं। कैप्टन अभिमन्यु ने सर्व खाप महापंचायत में कहा था कि वे समाज के उपर फैसला छोड़ते हैं। जो फैसला करेगा वह उन्हें व उनके परिवार को मान्य होगा। -रविंद्र सांगवान।

### माफी देकर दिया बड़ा संदेश



जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि आगजनी के दौरान सिंधु परिवार को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। आंदोलन से मिला कुछ नहीं लेकिन खो बहुत कुछ दिया। कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने खाप पंचायतों व अन्य संगठनों के कहने पर भाईचारा कायम रखने के लिए जो फैसला लिया वह उनकी सोच व व्यक्तित्व को दर्शाता है। इतना बड़ा नुकसान के बाद भी परिवार ने समाज के लिए जो बड़ा फैसला लिया है। -डॉ. कृष्ण श्योकंद।

### सिंधु परिवार ने बड़ा दिल दिखाया



कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार ने आगजनी के मामले में भाईचारे की मिसाल पेश की है। परिवार ने बड़ा दिल दिखाया। सभी खाप पंचायतों का मान सम्मान रखा है। सभी संगठित रहो, एक रहो, सभी मिलजुलकर भाईचारा बनाए रखे। -गुदयाल कड़ामी।

### माफ करने वाला सदैव होता है बड़ा



कैप्टन अभिमन्यु का परिवार सामाजिक कार्यों में किए गए योगदान का एक उदाहरण है। आगजनी के दौरान जो नुकसान हुआ उसके बाद भी सिंधु परिवार ने अपना बड़ा दिल दिखाया है। इसके लिए वे कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार का आभार जताते है। कहा कि माफी मांगने वाला और माफ करने वाला सदैव बड़ा होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि समाज में फैली बुराइयों से दूर रहकर आगे बढ़े। -दयानंद देशवाल

## खबर संक्षेप

### वैसाखी महोत्सव आज से दंगल के होंगे 200 मुकाबले

**कुरुक्षेत्र।** डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वैसाखी महोत्सव 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में 13 व 14 अप्रैल को बैसाखी कुश्ती दंगल का आयोजन केडीबी मेला क्षेत्र में करवाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री हरियाणा, सांसदगण व विधायकगण शिरकत करेंगे। इस दंगल में हरियाणा राज्य के समस्त जिलों से महिला व पुरुष पहलवानों द्वारा भाग लिया जाएगा। दंगल में लगभग 200 मुकाबले आयोजित होंगे। केसरी प्रतियोगिता में प्रथम को 51 हजार और द्वितीय को 31 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में 86 किलोग्राम भार वर्ग से ज्यादा और महिलाओं में 65 किलोग्राम से ज्यादा भार वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी।

### जिला कारागार में वृद्ध बंदियों के लिए कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्याय और सम्मान-महिला बंदियों एवं वृद्ध बंदियों के लिए एक अभियान के अंतर्गत जिला कारागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंदियों को जमानत प्रक्रिया, अपील दायर करने की प्रक्रिया बताया।

### 12.35 करोड़ से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा प्रोजेक्ट

# पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनेगा, बढ़ेगा पर्यटन

- ओपी जिंदल पार्क से फतेहपुर पुल तक विकसित होगा आकर्षक रिवर फ्रंट
- घाट निर्माण व हरियाली से स्वच्छता, पर्यटन और पर्यावरण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के तट पर स्थित पश्चिमी यमुना नहर किनारे दिव्य नगर योजना के तहत बाड़ी माजरा पुल से पुराना सहारनपुर रोड के फतेहपुर पुल तक रिवर फ्रंट विकसित किया जाएगा। इस रिवर फ्रंट पर 12.35 करोड़ की लागत आएगी। इसके अलावा छठ पूजा के लिए सिंचाई विभाग द्वारा पश्चिमी यमुना नहर किनारे तीन पक्के घाट बनाने का कार्य किया जा रहा है। दोनों प्रोजेक्ट को लेकर सिंचाई विभाग के एसई प्रवीण कुमार, एक्सईएन विजय गर्ग, नगर निगम एक्सईएन विकास धीमान, सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल व मेयर सुमन बहमनी समेत अन्य अधिकारियों ने पश्चिमी यमुना नहर के किनारों का निरीक्षण किया।


यमुनानगर। पश्चिमी यमुना नहर के किनारे रिवर फ्रंट क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारी व मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

### शहर को नया रूप मिलेगा

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत पश्चिमी यमुना नहर किनारे ओपी जिंदल पार्क से आजाद नगर, चिट्टा मंदिर से पटरी पर यह रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। इसमें लगभग 600 मिली मीटर चौड़ा लैंडस्केप एरिया, 2000 मिमी चौड़ा फुटपाथ, निकासी के लिए नाली, 1050 मिमी ऊंची पत्थर की दीवार पर 1200 मिमी ऊंची बाड़ लगाने वाली जाली लगेगी। चौड़ी सड़क व फुटपाथ के साथ फेंसिंग, उद्यान, बैठने के लिए सुंदर व आकर्षक डिजाइन के बैंच, फैंसी लाइटिंग, हरियाली व अन्य व्यवस्था की जाएगी। नहर किनारे रिवर फ्रंट विकसित होने से शहर को एक नया रूप मिलेगा। लोगों को नहर किनारे आनंद लेने का मौका मिलेगा।

### जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा

यह शहरवासियों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन और आनंद का भी साधन होगा। नहर के आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा और सुंदर बनाया जाएगा। मेयर ने बताया कि रिवर फ्रंट के लिए निर्धारित जगह के आसपास आजाद नगरए चिट्टा मंदिर रोड, शांति कॉलोनी समेत विभिन्न रिहायशी कॉलोनियां है। जहां घनी आबादी है। रिवर फ्रंट बनने से नहर किनारे कचरा जमा नहीं होगा। इसके अलावा नालियों व नालों का गंदा पानी सीधा नहर में नहीं जा पाएगा। इससे प्रदूषण कम करने की प्रक्रियाओं के माध्यम से नहर के पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा। बरसाती जल प्रबंधन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# नकली सोना बेचकर ठगने के आरोपी पिता-बेटी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में नकली सोना बेचकर ज्वेलर्स को ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पिता-बेटी की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती अपने पिता के साथ मिलकर नकली सोने से बनी ज्वेलरी विभिन्न ज्वेलरी शोरूम में बेचती थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने शहर के कई नामी शोरूम को निशाना बनाया। करीब 15 दिन पहले ओपीएस ज्वेलर्स सहित अन्य दुकानों पर नकली सोना बेचा गया। शुरुआत में किसी को शक नहीं हुआ, लेकिन बाद में जांच में सोना नकली निकला। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें एक युवती और उसके साथी ज्वेलरी बेचते नजर आए।

### 10 लाख का नकली सोना बेचा

पुलिस जांच में सामने आया है कि दिल्ली निवासी खुशी नाम की युवती ने अपने गैंग के साथ मिलकर ओपीएस ज्वेलर्स में ही करीब 10 लाख रुपये का नकली सोना बेचा।

### परिवार बनकर करते थे ठगी

सूत्रों के अनुसार आरोपी कभी भाई-बहन तो कभी पति-पत्नी बनकर ज्वेलर्स को झांसे में लेते थे, जिससे किसी को शक न हो। नकली सोना देखने में बिल्कुल असली लगता था।

### पानीपत में महिला मजदूरों में मारपीट



**पानीपत।** पानीपत के विराट नगर में बने लेबर क्वाटर्स में निवास कर रही मजदूर महिलाओं के बीच कपडे उठाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट में महिलाओं के बच्चे भी शामिल हो गए। दूसरी ओर, थाना मॉडल टाउन के थानेदार जगमहेंद्र ने बताया कि मारपीट के मामले में राज रजनी व इसकी बेटी की ओर से शिकायत मिली थी। इधर, शिकायतकर्ताओं ने दूसरे पक्ष से समझौता होने की बात कह कर शिकायत वापस ले ली।

### यमुनानगर: नशा तस्कर पर बड़ी कार्रवाई, हेरोइन सहित गिरफ्तार



**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने पांजूपुर नहर पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। सीआईए वन पुलिस टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि नहर पुल के पास एक युवक नशीले पदार्थ लेकर घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर जसबीर सिंह, सुखदेव सिंह, मनीष, सुशील व जगतार की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिसके सामने युवक की तलाश ली तो उसके पास से 16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान शादीपुर निवासी इल्ताफ के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## तरावड़ी में 50 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य होगा जल्द शुरू

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी क्षेत्र के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शहर में निर्माणाधीन 50 बेड के सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। लंबे समय से अधूरे पड़े इस अस्पताल भवन को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ मौके पर समीक्षा बैठक भी की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित विभाग को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया की निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी।


तरावड़ी। नई अस्पताल बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी।

## पिहोवा अस्पताल में अभियान शुरू, किशोरियों का टीकाकरण

### अभिभावकों से अफवाहों से दूर रहने की अपील

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में बड़ा कदम, एचपीवी वैक्सीन 93-100% तक प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल की अध्यक्षता में पीएचसी रामगढ़ रोड़ एचपीवी वैक्सीन अभियान के तहत 14 वर्ष की लड़कियों का टीकाकरण किया जा रहा है। डॉ अमनदीप कौर ने कहा कि महिलाओं में दूसरा सबसे आम सर्वाइकल कैंसर से लड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए रामगढ़ रोड में एचपीवी वैक्सीनेशन लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन की शुरूआत 28 फरवरी 2026 को हरियाणा में इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा से शुरूआत की गई थी। डॉ अमनदीप कौर ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के कारण होता है, जो भारत में महिलाओं में कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि इस सर्वाइकल कैंसर को एचपीवी वैक्सीन से इसे 93-100 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, बल्कि निजी क्षेत्र में हजारों रुपए की लागत वाली यह वैक्सीन अब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। यह वैक्सीन 14 वर्ष पूर्ण कर चुकीं लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियां को लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन एक ही डोज में दी जाती है (गार्डासिल-4) यह 3 महीने का विशेष अभियान राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है।



### एचपीवी वैक्सीन से बेटियों को मिलेगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव: हरविंद्र कल्याण

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन बेहद प्रभावी है और इसे समय पर लगवाना जरूरी है। वे आईएमए द्वारा आयोजित वॉकथॉन के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। यह वॉकथॉन करनाल क्लब से सिविल अस्पताल तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के साथ-साथ जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। आईएमए के प्रधान डॉ. सलील गुप्ता ने बताया कि देश में हर साल बड़ी संख्या में महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से जान गंवाती हैं, जिन्हें वैक्सीनेशन के जरिए बचाया जा सकता है। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा-बेटियों को समय पर वैक्सीन जरूर लगवाएं।



करनाल। वॉकथॉन का शुभारंभ करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

# फायर कर्मियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

- फरीदाबाद अग्निकांड के आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फायर कर्मचारी ने रविवार को मांगों को लेकर शहर के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दमकल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। फायर कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्दी कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो भविष्य में लंबा आंदोलन चलाया जा सकता है। जिसके जिम्मेदारी सरकार की होगी। रविवार को फायर कर्मचारी भारी संख्या में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दमकल कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मांगों को लेकर नारेबाजी कर विरोध जताया। कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विजेंदर सिंह व कोषाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि उनकी मांगों में फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद दमकल कर्मचारी रणवीर सिंह व भविष्यचंद शर्मा को शहीद का दर्जा देने, उनके आश्रितों को एक एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी प्रदान करने, पांच हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता लागू करने, पे-रोल व कौशल निगम के दमकल कर्मचारियों को विभाग के सर्जित पदों पर समायोजित कर समान काम समान वेतन देने, नियमित कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में गृह जिले में हो।


यमुनानगर। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दमकल कार्यालय पर मांगों को लेकर नारेबाजी करते फायर कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जाएगा बैसाखी पर्व

**करनाल।** गुरुनानक खालसा कॉलेज में बैसाखी पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कॉलेज प्रबंधन द्वारा 13 अप्रैल को खालसा साजना दिवस के उपलक्ष्य में कड़ाह प्रसाद और छबील का आयोजन किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि यह पर्व धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी।

उन्होंने बताया कि यह पर्व हमें साहस, समानता और मानवता की सेवा का संदेश देता है। कॉलेज प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों और शहरवासियों को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

### कल मनाई जाएगी बाबा साहब की जयंती

**घरौंडा।** 14 अप्रैल को डॉ भीम राम अम्बेडकर की जयंती समारोह बाबा साहेब के चौंक पर मनाई जाएगी। जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर समिति प्रधान सोनू रंगा,जेपी शेखपुरा, पार्षद अनुज गुप्ता, नरेंद्र प्रजापत, पूर्व पार्षद जय भगवान , पूर्व पार्षद राम सिंह , मास्टर ईश्वर सिंह ग्रोवर, सनी सरोया , मलखान नंबरदार, सुरेंद्र भीम दीवाना, महावीर, चांदराम कटारिया, मास्टर नरेंद्र, गुरु रविदास मंदिर सभा अध्यक्ष रमेश कुमार, प्रबंध कमेटी अध्यक्ष चंद्रभान सुलेख, ओम प्रकाश, दिनेश मौर्या , राकेश नवल, साहिल , ललित फूले, दिनेश राई,आत्मा राम,राजेश रंगा आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट का मामला दर्ज

**करनाल।** शहर के रामनगर क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से छेड़छाड़, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गांधी नगर निवासी श्रवण शर्मा काफी समय से लड़की को परेशान कर रहा था। वह रास्ते में आते-जाते छेड़छाड़ करता, गाली-गलौच करता और कई बार बाजार में थप्पड़ भी मार चुका है। इन घटनाओं से लड़की मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई और करीब एक महीने तक घर से बाहर नहीं निकली। 7 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे जब लड़की घर से सामान लेने निकली तो आरोपी ने उसे रोक लिया और अपने साथ चलने का दबाव बनाया। मना करने पर उसने धमकी दी कि वह अपनी नस काट लेगा या फिर लड़की को जान से मार देगा। इस दौरान बाजार में ही मारपीट भी की गई, जिससे लड़की डरी हुई है।

### नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप

**करनाल।** मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित पोल्ट्री फार्म से 14 वर्षीय प्रवासी नाबालिग लड़की को फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नेपाल निवासी एक व्यक्ति ने एसपी करनाल को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले तीन साल से अपने परिवार के साथ पोल्ट्री फार्म में काम कर रहा है। उसकी 14 वर्षीय बेटी को संतोष बहला नामक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

---

### एक ही दिन दो कार्यक्रमों ने खोली खींचतान की परतें

# कांग्रेस दो खेमों में नजर आई दिखाई दिया शक्ति प्रदर्शन

धर्मेंद्र खुराना ▶▶| करनाल

- "अन्नदाता बैसाखी मिलन समारोह" का आयोजन किया

करनाल में रविवार को कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई, जब एक ही दिन पार्टी के दो अलग-अलग धड़ों द्वारा समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों ने साफ संकेत दिया कि जिला कांग्रेस फिलहाल एकजुट होने के बजाय अलग-अलग खेमों में बंटी हुई है और हर धड़ा अपना शक्ति प्रदर्शन करने में जुटा है।



**करनाल।** एक कार्यक्रम में खाली पड़ी कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि

एक ओर करनाल शहरी कांग्रेस अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में मेहता फार्म में "अन्नदाता बैसाखी मिलन समारोह" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों की अच्छी-खासी मौजूदगी रही। आयोजन के माध्यम से गाबा गुट ने किसानों के मुद्दों को उठाते हुए अपनी सक्रियता और पकड़ दिखाने का प्रयास किया।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मटलोदा के नेतृत्व में शक्तिपुरम में एक अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे और इसे गुप्ता गुट का शक्ति प्रदर्शन माना गया।

दोनों कार्यक्रमों का एक ही दिन और लगभग एक ही समय पर होना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा। पार्टी के दोनों धड़े अपने-अपने स्तर पर भीड़ जुटाकर संगठन में अपनी ताकत दिखाने की होड़ में नजर आए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के समानांतर आयोजन पार्टी के अंदर समन्वय की कमी को दर्शाते हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आगामी चुनावों में इसका असर कांग्रेस की एकजुटता और प्रदर्शन पर पड़ सकता है। कुल मिलाकर, करनाल में हुए ये कार्यक्रम कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान की झलक बनकर सामने आए, जहां हर नेता अपनी अलग पहचान और प्रभाव स्थापित करने में जुटा दिखाई दिया। कार्यक्रमों में जहां एक ओर मंच से बड़े-बड़े भाषण दिए जा रहे थे, वहीं दूसरी ओर कई जगह अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं। बाद में शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा का वापसी फोन आया। उन्होंने कहा कि जिन अतिथियों के आने की सूचना थी, वे किन्हीं मजबूरियों के चलते अंतिम समय में नहीं पहुंच सके।

उन्होंने साफ किया कि भीड़ जुटाने के लिए किसी के नाम का इस्तेमाल नहीं किया गया, बल्कि संबंधित नेताओं से चर्चा कर ही कार्यक्रम तय किया गया था। वहीं ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वैद्य का भी बाद में फोन आया। उन्होंने कहा कि उनके पास शहरी कार्यक्रम का कोई निमंत्रण नहीं पहुंचा। उन्होंने गुटबाजी के सवाल को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है।

#### दीपेंद्र हुड्डा ने दिया एकजुटता का संदेश

कार्यक्रम के दौरान सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने मंच से बोलने वाले नेताओं की सूची पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि उन्हें जो सूची दी गई है, उसमें कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल नहीं हैं। हालांकि बाद में माइक संभालते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता उनके अपने हैं, कोई भी पहचान का मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर सभी को जानते हैं और पार्टी में हर कार्यकर्ता का सम्मान है।



### कांग्रेस नेताओं ने सरकार को घेरा

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में अन्नदाता बैसाखी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने की, जबकि दिव्यांशु बुद्धिराजा ने मार्गदर्शन किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें पंजाबी गीत-संगीत और नृत्य ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम में पंजाब और हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र हुड्डा और गुरदीप सिंह सप्पल ने शिरकत की। सभी अतिथियों ने प्रदेश व देशवासियों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए किसानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में अव्यवस्था चरम पर है। किसानों की फसल खरीद के इंतजार में पड़ी है और खरीदी गई फसल का उठान भी समय पर नहीं हो रहा।

- खरीद व्यवस्था व किसान हितों पर उठे सवाल

उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाए और बायोमेट्रिक जैसी शर्तों को समाप्त किया जाए। उन्होंने क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे लोगों की रिपोर्ट हाईकमान को भेजी जा चुकी है और जल्द कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने स्वर्गीय गायिका आशा भोंसले को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि वर्तमान खरीद की रफ्तार बेहद धीमी है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ट्रैक्टर वेरिफिकेशन, बायोमेट्रिक, गेट पास और तीन गारंटर जैसी शर्तें लगाकर किसानों को परेशान कर रखा है। उन्होंने मांग की कि इन सभी नियमों को तुरंत समाप्त किया जाए। हुड्डा ने कहा कि बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और पिछली फसल का मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला। उन्होंने सरकार से मांग की कि गेहूं की खरीद में नमी की सीमा बढ़ाई जाए।

---

# ज्ञान विज्ञान समिति के सम्मेलन में सामाजिक मुद्दों पर किया मंथन

- निजी स्कूलों की संख्या और फीस में लगातार बढ़ोतरी, जबकि 5400 सरकारी स्कूल बंद हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप सिंह भवन में चल रहे हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के 11वें राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न अहम विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत समूह चर्चा से हुई, जिसमें नई शिक्षा नीति, सामाजिक न्याय और वैश्विक स्तर पर युद्ध के प्रभाव जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और सवाल मंच पर रखे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में करीब 5400 सरकारी स्कूल बंद हुए हैं, जबकि निजी स्कूलों की संख्या और फीस में लगातार बढ़ोतरी हुई है। इससे शिक्षा आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है।




**करनाल।** ज्ञान विज्ञान समिति के सम्मेलन में सामाजिक मुद्दों पर मंथन करते हुए।

#### शिक्षा पर अधिक बजट खर्च करने की मांग

सामाजिक न्याय के मुद्दे पर भी चिंता जताते हुए कहा गया कि महिलाओं, दलितों और वंचित वर्गों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, जो गंभीर विषय है। सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने सरकार से नई शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग उठाई। साथ ही शिक्षा पर अधिक बजट खर्च करने की मांग को दोहराया गया।

### आंबेडकर की जयंती पर स्वास्थ्य शिविर लगाया

**घरौंडा।** रविवार को संत गुरु रविदास धर्मशाला में डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव को लेकर स्वास्थ्य कैंप व बच्चों की चित्रकला का आयोजन किया गया। जिसमे नपा चेयरमैन हैप्पी गुप्ता व समाजसेवी कुलदीप सरोया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि छोटे छोटे बच्चों ने बहुत अच्छे चित्र बनाए हैं। रविवार को आयोजित रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कैंप, आंखों व इसीजी कैंप डॉक्टर मुकुल सैनी,डॉक्टर प्रवेश व वीरभान सोलखीं की देखरेख में लगाया गया। साथ में बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता व महापुरुषों के विचार धारा पर लिखित परीक्षा कराई गई। प्रतियोगिता में अच्छे चित्र बनाने पर बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

### श्रीमद् भागवत कथा का 5वां दिन

# भागवत कथा को सुनने का फल यह भागवत कल्पवृक्ष : कृष्ण


- भागवत कथा का गलती से भी श्रवण करने वाला व्यक्ति कई पापों से पा लेता है मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले की पावन कृपा से श्रीमद् भागवत सेवा समिति द्वारा शिव शक्ति सत्संग भवन में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक आचार्य कृष्ण महाराज ने कहा कि भागवत कथा को सुनने का फल यह भागवत कल्पवृक्ष है। आप जिस मनोरथ के साथ श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करेंगे, आपके उस मनोरथ की सिद्धि होगी। आप अगर निर्धन हैं, धन की इच्छा लेकर सुनेंगे तो धनवान होंगे।

रोगी हैं, निरोगी काया की इच्छा लेकर अगर कथा सुनेंगे तो निरोगी काया प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है। विश्व में सभी कथाओं में से यह कथा श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर कथा का आयोजन किया जाता है, उसे तीर्थ स्थल कहा जाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है तो भी वह कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

अगर कोई किसी व्यस्तता के कारण पूरी कथा नहीं सुन सकता है तो वह दो-तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकाले। तब भी वह इसका फल प्राप्त करता है।



**तरावड़ी।** सत्संग भवन मे कथा सुनाते आचार्य कृष्ण महाराज एवं श्रद्धालु।

---

# विनोद धीमान बने समाज कल्याण दल के चेयरमैन

- घरौंडा में भण्डारे का आयोजन करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

समाज कल्याण दल बैठक संस्था के अध्यक्ष श्याम सुन्दर धीमान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संस्था के चेयरमैन के लिए विचार विमर्श किया गया।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विनोद धीमान गगसीना ही चेयरमैन पद के लिए विश्वासनीय उम्मीदवार है। समस्त सदस्यों ने विनोद धीमान पर भरोसा जताया है और भविष्य में उन्हें ही चेयरमैन पद का कार्यभार सौपा जाऐगा उल्लेखनीय है कि विनोद धीमान गगसीना पहले भी महासचिव व वरिष्ठ उपप्रधान पद पर भी कार्य चुके है। उनके कार्यकाल में संस्था के समाज हित के कार्यो में अहम भूमिका निभा चुकी है। विनोद धीमान बहुत सुझ-बुझ वाले व्यक्ति है और बहुत मेहनती व ईमानदार होना ही उनकी पहचान है। संस्था के सदस्यो में विनोद धीमान की लगभग दस वर्षो के बाद वापसी होने पर खुशी होगी और यह भी निर्णय लिया गया कि उनके चेयरमेन नियुक्त होने पर घरौंडा में भण्डारे का आयोजन किया जाऐगा। इस मौके सस्था के वरिष्ठ उपप्रधान आनन्द वालिया, पृथ्वीराज प्रधान साजिल चौहान कानूनी सलाहकार, मनोज कुमार आदि अनेक सदस्य मौजूद थे।

# गांव चलो-बस्ती चलो अभियान से भातीय जनता पार्टी को मिलेगी मजबूती : राणा

- भाजपा मधुबन मंडल के कालरों शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम

**घरौंडा।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मधुबन मण्डल के कालरों शक्ति केंद्र पर रविवार को कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कवींद्र राणा ,मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, महामंत्री अजय राणा का कार्यक्रम संयोजक संदीप लोहट, मेमपाल राणा सरपंच प्रतिनिधि दीपेंद्र राणा व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। मुख्य अतिथि कवींद्र राणा ने कहा कि किसान सम्मान निधि, बुढ़ापा पेंशन, जन-धन योजना, उज्ज्वला गैस योजना, ड्रोन दीदी आदि योजनाओं से हर जाति हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आज लोग मोदी सरकार व नायब सरकार से पूरी तरह खुश हैं। कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार की असली ताकत हैं और 'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय बढ़ेगा और इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववादव अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका विचार दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती की आधारशिला है। न्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहें तथा समाज की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानकर कार्य करें। संगठन के उद्देश्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया हैं।



## न्यूज डायरी




### सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए वॉकथॉन

**करनाल।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेसीआई करनाल एजाइल की टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और मेयर रेणु बाला गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जेसीआई करनाल एजाइल के प्रधान हिमांशु कालरा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारी बनती जा रही है। इसे रोकने के लिए जागरूकता और समय पर वैक्सीनेशन बेहद जरूरी है। उन्होंने आईएमए के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी संस्था ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग करती रहेगी। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन

**तरावड़ी ।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, तरावड़ी द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय सतत विकास हेतु शिक्षाः चुनौतियाँ, रणनीतियाँ एवं भविष्य की संभावनाएं रहा, जिसमें देशभर से शिक्षाविदों, शोधार्थियों, शिक्षक-प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक उद्घाटन सत्र से हुआ, जिसमें शिक्षा के माध्यम से सतत विकास की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. सुजाता (निदेशक एवं प्राचार्य, तपन स्कूल एवं तपन रिहैबिलिटेशन सोसाइटी, करनाल) तथा डॉ. कुलदीप सरस्वत (मनोविज्ञान विशेषज्ञ, लेखक, मोटिवेशनल स्पीकर एवं रजिस्ट्रार, भोपाल) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने व्याख्यान में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सतत विकास के समावेशन और वर्तमान शैक्षिक चुनौतियों के समाधान पर विशेष जोर दिया। संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए, जिससे कार्यक्रम और अधिक ज्ञानवर्धक एवं सार्थक बना। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी के मार्गदर्शन तथा प्रबंधन हनी चौधरी एवं पिथी चौधरी के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. गीता शर्मा,सह-संयोजक डॉ. सुशीला कुमारी,आयोजन समिति सुश्री मनदीप कौर, सुश्री रविता चौधरी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मंजू ने अहम भूमिका निभाई।



---

### श्री बालाजी क्रिकेट एकेडमी के मैदान में टी-20 मुकाबला संपन्न

# मीडिया क्लब ने यूथ क्रिकेट को 3 विकेट से हराया

- शानदार प्रदर्शन कर सीरीज में लगातार चौथी जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के पांच सितारा होटल नूर महल के पीछे स्थित श्री बालाजी क्रिकेट एकेडमी के मैदान में मीडिया क्लब और यूथ क्रिकेट क्लब के बीच सीरीज का चौथा टी-20 मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मीडिया क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब को 3 विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 204 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से विजय दलाल ने 30 गेंदों में 46 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मीडिया क्लब की टीम ने दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 205 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मीडिया क्लब की ओर से शिवम बंसल ने 35 गेंदों में 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 69 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



**करनाल।** टी-20 मुकाबले की विजेता टीम विक्टरी निशान बनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### यशवीर का उम्दा प्रदर्शन

गेंदबाजी में भी मीडिया क्लब के यशवीर लाठर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में मात्र 10 रन देकर 3 विकेट झटके। मीडिया क्लब की इस जीत पर क्लब के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया है और उम्मीद है कि आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रहेगा।

### एसडी मंदिर में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

**घरौंडा।** विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से एसडी मंदिर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, उद्योगपति सुशील जैन, अनिल गर्ग ने मुख्य रूप से शिरकत की और उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है विशाल भगवती जागरण मंडल सामूहिक विवाह समारोह करवा कर एक सहरानीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंडल ने अभी तक 164 कन्याओं की शादी करवा चुका है। जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से आयोजित विवाह समारोह में कलहेडी निवासी तानिया संग जुंडला निवासी जितेंद्र, शेखपुरा सुहाना निवासी संगीता संग रसूलपुर निवासी प्रहलाद, कुंजपुरा निवासी अनीता संग ततारपूर निवासी वीरेंद्र, करनाल निवासी खुशी संग रजापुर निवासी दीपक व खोराखेड़ी निवासी भतेरी संग डेरा असंध निवासी जितेंद्र परिणय सूत्र में बंधे।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास स्वच्छता अभियान चलाया

**पानीपत।** भाजपा के गांव चलो-बस्ती चलो कार्यक्रम के तहत वार्ड नौ से पार्षद नवल जिंदल के मार्गदर्शन में ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम के सामने स्वच्छता अभियान का श्री गणेश किया गया। इस अवसर पर बीके कविता, अनिता, प्राण रत्नाकर, मेहुल जैन, अमित सिंगला, रमेश मान, हरीश, बली रामदेव, मनोहर गुप्ता, राजेश गोयल, राजीव रिडलान, सनी, सुरेश कागरा आदि ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

### दीवान अस्पताल में लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी स्थित दीवान अस्पताल में रविवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.कनव गुप्ता, फिजिशियन एवं छाती रोग विशेषज्ञ डा.ललित गर्ग, हृद्य रोग विशेषज्ञ डा.नीतीश गर्ग, हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डा.अर्पित गोयल, जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन डा.सौरभ मुदगिल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा.सुमति सैनी, न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डा.रजत मनचंदा, एमबीबीएस एमडी डा.पंकज कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट डा.पुष्पा ने 285 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा।

### पोस्टर बनाने में चेल्सी रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम चेल्सी व प्राची, द्वितीय अंकित गुप्ता व तनिश, तृतीय चेन्सी व हर्षिता रह। जबकि दिव्या, हरगुनप्रीत, आकांक्षा, शिपु को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को प्राग्र्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. विक्रम कुमार, प्रो.अश्विनी गुप्ता, डॉ. निधान सिंह, डॉ. चेतना नरूला, प्रो. विनय भारती, प्रो. दीप्ति, डॉ. नीतू मनोचा, प्रो. मोहित, प्रो. प्रीति, प्रो. नीरू प्रो. पूजा, प्रो. तमन्ना, प्रो. अजय व टिंकू कुमार ने अहम भूमिका निभाई।

### डॉक्टर ने बच्चे के साथ कुकर्म की चेष्टा की

**समालखा।** पानीपत के एक गांव में बुखार से पीडित आठ साल के बच्चे के साथ क्लीनिक संचालक डॉक्टर ने दवा देने के बहाने उसके साथ कुकर्म करने की चेष्टा की। वहीं, बच्चा जैसे तैसे चिकित्सक के चुंगल से निकला भाग और घर पहुंच कर इस घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इधर, लडके की मां की सूचना पर पुलिस गांव में पहुंची और जांच की। पुलिस ने बच्चे के बयान दर्ज किए।

### एकाग्रता से मिलती है सफलताः भावना

**पानीपत।** सेक्टर 11 में स्थित दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के आश्रम में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी भावना भारती ने प्रवचन करते हुए कहा कि एकाग्रता सफलता का प्राण है। मन को एकाग्र करने की क्षमता में ही सफलता छिपी है। मन की अस्थिरता को सुधारने के लिए संकल्प को काम में लाना चाहिए।

### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बीजेपी कार्यालय 'श्याम कमल' में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता की हर समस्या का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों की समस्याएं जमीनी स्तर पर समझी जा सकती हैं और उनका त्वरित समाधान संभव होता है।

### नमो ड्रोन योजना का लाभ लें

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना को जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को ड्रोन एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### हरियाणा महिला आयोग अध्यक्ष भाटिया ने प्रधानमंत्री का आभार जताया

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर महिलाओं को गर्व : रेनू

*लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित*

- वर्तमान लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी 13 .63 प्रतिशत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**



पानीपत। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, जनसुनवाई करती हुई। फोटो : हरिभूमि

पानीपत में भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में आयोजित प्रेस वार्ता कार्यक्रम को हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण करने के लिए नारी वंदन अधिनियम 2026 बनाया है, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वे महिला समाज की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि आज हर महिला के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम जो भारतीय संविधान का 106वां संशोधन अधिनियम के रूप में पारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इस महत्वपूर्ण कानून से लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी करीब 13.63 प्रतिशत है यह इतनी बड़ी असमानता रचनात्मक सुधारों की जरूरत की और इशारा करती है नया कानून बन जाने पर महिलाओं एक बड़ी संख्या इस सदन में पहुंच जाएगी, जिससे महिला अधिकारों को संरक्षण देने उन्हें धरातल पर उतारकर महिलाओं को न्याय दिलवाया जा सकेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, ईश कुमार राणा, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य, तरुण पसरीजा, रोहित शर्मा, रमेश सैन अहरिया आदि उपस्थित रहे।



समालखा। अनाज मंडी में गेहूं की खरीद का जायजा लेते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र आदि कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का दावा, विश्वासघाती विधायकों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

- भाजपा सरकार की नीतियां कमेरा वर्ग विरोधी : सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा**

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय छौक्कर के साथ समालखा अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनाज मंडी में सचिव की गैर मौजूदगी में मंडी सुपरवाइजर से मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों सहित आढ़ती से बातचीत कर ताजा हालातो पर उनकी समस्याएं सुनी।

इसके बाद राव नरेंद्र ने कहा कि हरियाणा में किसान, मजदूर और आढ़ती तीनों वर्ग भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार किसान विरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों पर चल रही है।

बायोमेट्रिक के नाम पर किसानों कों परेशान किया जा रहा हैं। आंदोलन के बावजूद भी सरकार, किसानों की सुनवाई नहीं कर रही है। इधर, कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि जिन विधायकों ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, मोहकम छौक्कर, रविंद्र छौक्कर, हिटलर जौरासी, बिल्लू कादियान आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## विकसित बनने की राह पर है भारतः नवीन



पानीपत। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया का स्वागत करते हुए चेतन तनेजा आदि। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** पानीपत के दक्षिणी शहरी मंडल के अंतर्गत वार्ड 15 के पार्षद अमित नारंग के कार्यालय में 'गांव चलो, बस्ती चलो अभियान', एआईआर अभियान और संगठनात्मक बैठक हुई। वहीं, जिला उपाध्यक्ष एवं दक्षिणी शहरी मंडल प्रभारी नवीन भाटिया ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जहां भारत विकसित देश बनने की रहा पर है। वहीं हरियाणा भी तरक्की के पथ पर तेजी से आगे बढ रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, पार्षद अमित नारंग, सुनीता गोयल, अरुण पसरीचा आदि उपस्थित रहे।

## आग पीड़ित किसानों को अभय चौटाला की मदद का भरोसा

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू में गत दिनों अज्ञात कारणों से 15 से अधिक किसानों की 90 एकड़ पकी हुई गेहूं की फसल आग में जल गई थी। इधर, इनेलो का प्रतिनिधि मंडल घटनास्थल पर पहुंचा और इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने पीड़ित किसानों से वीडियो कांफ्रेंसिंग से सीधी बात कर भरोसा दिलाया की इनेलो प्रदेश सरकार से उन्हें हर संभव सहयोग दिलवाएगा। इस अवसर पर इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, भूपेंद्र सिंह, कृष्ण, भीम सिंह, रघुबीर सिंह, दिलबाग, संदीप, पवन कुमार, सत्यवान सिंह, जयबीर, राजू, जगदीश, बलवान, बाल किशन, मोहित मलिक आदि उपस्थित रहे।

## जनता की निष्काम सेवा कर रही भाजपा



पानीपत। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते हुए पार्टी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण भारत देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत वार्ड नंबर पांच में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर भाजपा नेता चमन लाल वर्मा, हुक्म चंद मेहता, ताराचंद, दर्शन लाल भाटिया, कृष्ण लाल कालड़ा, बलदेव वजन, सुभाष खुराना, सुखदेव सिंह, राजेश बत्रा, मंगल सिंह, प्रेमचंद, लेखराज, पार्षद जयदीप अरोड़ा, पुष्पेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, राजीव मलिक, विनोद कपूर, कुसुम शर्मा, हरीश कटारिया, आशु नंदा, रेखा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## यूजीसी-नेट उत्तीर्ण करने पर शिखा को किया सम्मानित



पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के शिक्षक, मेधावी छात्रा शिखा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग की छात्रा शिखा के यूजीसी-नेट परीक्षा पास करने इतिहास विभाग में ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार के द्वारा प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र जागलान की अध्यक्षता में मेधावी छात्रा शिखा के सम्मानित किया गया।

वहीं, सम्मान समारोह में डॉ. बृजेश बराड़ व डॉ. सोनिया ने पगड़ी पहना कर और डॉ. नरेश ढांडा आदि शिक्षकों ने शिक्षा को सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिक्षा के पिता अशोक कुमार, ससुर सत्यनारायण वत्स, महेंद्र शर्मा आदि परिजनों ने कॉलेज परिसर में पौधे रोपे।

## पैदल चलना व साइकिल चलाना स्वास्थ्य हितकारीः सुरेंद्र दुहन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

प्रिवेंटिव हेल्थकेयर और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने पानीपत साइकिल क्लब के साथ मिलकर पानीपत साइक्लोथॉन का आयोजन किया।

वहीं, दस किलोमीटर की साइक्लोथॉन में सैकडों फिटनेस उत्साही, स्वास्थ्य विशेषज्ञ व आम नागरिकों ने लिया। जबकि साइक्लोथॉन का जिला सचिवालय से पानीपत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र दुहन, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र अहलावत, सीनियर डायरेक्टर, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट्स एवं ऑर्थोपेडिक्स, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग डॉ. साइमन थॉमस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



पानीपत। बार के अध्यक्ष सुरेंद्र दुहन साइक्लोथॉन को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## धार्मिक यात्राओं से तनाव मुक्त होता है इंसानः जैन



पानीपत। समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन के साथ श्रद्धालु।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**

समाज सेवा संगठन ने खाटू श्याम चुलकाना व लकीसर बाबा की निःशुल्क बस यात्रा को अध्यक्ष प्रवीण जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जैन ने बताया कि रविवार की सुबह समाज सेवा संगठन ने मॉल गोदाम से खाटू श्याम चुलकाना धाम व लकीसर बाबा धाम के लिए निःशुल्क बस में यात्रियों को भेजा गया है। दूसरी ओर, जैन मंदिर समिति ने अध्यक्ष प्रवीण जैन को दोसाला ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रवीण जैन, राकेश शर्मा, सुभाष गोस्वामी, काजल जैन, भावना ग्रोवर, चरणजीत ग्रोवर, नरेश पोपली, अंकित माटा, भोला, अजय आदि उपस्थित रहे।

### डेरा बाबा जोध सचियार में कल से वैशाखी पर्व का होगा शुभारंभ

# धार्मिक शिक्षाओं की पालना से मिलता है सुखः विनोद भयाना

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत**



पानीपत। बैसाखी पर्व उत्सव का न्यौता देते हुए डेरा बाबा जोध सचियार के सेवादार व विधायक विनोद भयाना, आदि।

पानीपत में जीटी रोड स्थित डेरा बाबा जोध सचियार में बैसाखी पर्व को लेकर आयोजित कमेटी की प्रेस वार्ता में कमेटी के प्रधान सेवादार व हांसी के विधायक विनोद भयाना ने बताया कि डेरा परिसर में 14 से 16 अप्रैल तक तीन दिवसीय सालाना सत्संग समागम एवं बैसाखी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

वहीं, बैशाखी पर्व में देश व विदेशों से श्रद्धालु पूजन के लिए डेरे में बाबा के दर्शन को आने शुरू हो गए है। वहीं, 14 अप्रैल की शाम को कीर्तन दरबार सजेगा, 15 को कथा व कीर्तन और 16 अप्रैल को कीर्तन दरबार के साथ समागम को विराम दिया जाएगा। जबकि बैसाखी के उपलक्ष्य में अखंड पाठ साहिब का भोग 16 अप्रैल को डाला जाएगा। इस अवसर पर डेरा कमेटी के महासचिव मदनमोहन भयाना, जसपाल भयाना, कमल भयाना, यशपाल ग्रोवर, सुधीर भयाना, वेद बठला आदि उपस्थित रहे।

## क्राइम को जीरो कर रही है पुलिसः सिंह

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने रविवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्जों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस दौरान कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के सख्त निर्देश दिए। एसपी सिंह ने पुलिस अधिकारियों से पानीपत को क्राइम फ्री जिला बनाने के निर्देश दिए। बैठक में एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी नरेंद्र सिंह, डीएसपी नवीन संधू और सभी थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट प्रभारी व चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कट्टे व कारतूस के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने विकास नगर में अरमान सैफी पुत्र इस्लाम निवासी कैराना जिला शामली, उत्तर प्रदेश को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ पकडा है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी अरमान सैफी के खिलाफ थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### किसानों की समस्याएं सुनीं

**समालखा।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा ने समालखा अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याओं को सुना। दिनेश पुजारा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारें किसान हितैषी है। वहीं, प्रदेश भर में किसानों की फसलों के एक एक दाने की खरीद होगी। इस अवसर पर सुभाष कुहाड, अनिल बैनीवाल, बलिंद्र हुड्डा, सुंदरी चुघ, विकास गहलोत, सुखबीर ग्वालडा, ईश्वर जागलान, दिनेश घनघस आदि मौजूद रहे।

### सफाई अभियान चलाया

**पानीपत।** भाजपाइयों ने गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत वार्ड दस के किला गांधी पार्क में सफाई अभियान चलाया और पौधे रोपे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुमित जागलान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित पंडित, युवा मोर्चा जिला महामंत्री संजय सैनी, मोहित शर्मा, जॉनी चुघ, नितिन प्रधान, दीपू सरदार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सच्ची खुशी उत्सव हुआ

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र ने वार्ड 11, एसएस माडर्न स्कूल, वार्ड छह, अमर भवन चौक में सच्ची खुशी-असली पूंजी विषय पर आठवां वार्षिक उत्सव हुआ। इस अवसर पर अमर भवन एसोसिएशन के प्रधान कवल खुराना चौक, एसडी कालेज रोड एसोसिएशन के प्रधान जोगिंदर नरूला, हुडा सेवा केंद्र की संचालिका मुख्य वक्ता राजयोगिनी सुनीता दीदी, बीके स्मृति, अशोक नारंग आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आकर युवक की मौत

**अंबाला।** अंबाला शहर के मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास कार की चपेट में आकर नया गांव के किशन उर्फ बुंदू की मौत हो गई। राजपुरा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में महावीर नगर के शुभम मल्होत्रा ने बताया कि उनकी काका ट्रांसपोर्ट के पास लकड़ी की दुकान है। उनके पास नया गांव निवासी किशन उर्फ बुंदू काम करता था। शाम करीब 7 बजे जब दोनों काम खत्म कर पैदल घर जा रहे थे, तभी पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी थी।

### कंगवाल और लंडा-खंडा में निकाले जाएंगे प्लाट

**अंबाला।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि 13 अप्रैल को पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में मुख्यमंत्री आवास योजना 2.0 फेस 3 के तहत ग्राम पंचायत कंगवाल खंड अंबाला प्रथम तथा ग्राम पंचायत लंडा खंडा साहा में प्लाटों का ड्रा किया जाना है जिसमें पात्र व्यक्तियों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट अलाट किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी लाभार्थियों को पंचायत भवन में लेकर पहुंचेंगे। इसके बाद ही ड्रा की कार्रवाई शुरू होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### प्रवासियों को मिलेगा 5 किलोग्राम का सिलेंडर

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए 5-5 किलो के एलपीजी गैस सिलेंडर देने बारे कैंप लगाकर इस बारे जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 5 किलो एफटीएल के नए कनेक्शन का रेट सिलेंडर प्लस गैस सहित 1511 रूपए तथा दोबारा 5 किलो एफटीएल सिलेंडर रिफिलिंग का रेट 567 रूपए 50 पैसे निर्धारित किया गया है ताकि प्रवासियों को गैस सिलेंडर की उपलब्धता मिलती रहे।

### रिहायशी बस्तियों में बिछाई गई लाइन

**अंबाला।** डीएफएससी निशांत राठी ने बताया कि घरेलू व व्यवसायिक गैस उपभोक्ताओं के लिए एचपी ऑयल गैस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सेक्टर-10, 9, 8, 7, 01, प्रेम नगर, लक्ष्मी नगर, लक्ष्मी विहार, लक्ष्मी नगर, पटेल नगर, आरके पुरम, प्रिंस विहार, शिवाजी पार्क, विकास विहार, न्यू मॉडल टाउन कॉलोनी, मॉडल टाउन, कैलाश नगर, कांशी नगर, जैन नगर आदि में पीएनजी लाइन बिछाई गई है।

### जमीन खरीद-फरोख्त में 12 लाख की ठगी, केस

**मुलाना।** खेड़ा गांव में जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी हो गई। आरोपियों ने बैंक में गिरवी रखी जमीन को दोषमुक्त बताकर अमरजीत सिंह से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर गांव के ही पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव के अमरजीत सिंह ने बताया कि उनके गांव के ही सुशील कुमार और उसके बेटे राजन ने उसे अपनी 2 कनाल खेती की जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया था।

### डीएवी स्कूल में बच्चों के अंदर भावनात्मक सोच विकसित करने को लेकर हुई चर्चा

# बढ़ती पेशेवर प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों में सही समझ विकसित करना जरूरी



बराड़ा। कार्यशाला में भाग लेते हुए टीचर्स। फोटो: हरिभूमि



बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में सीबीपी सीरीज सत्र 2026-27 की प्रथम कार्यशाला लाइफ स्किल्स बेसिक्स विषय पर आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विद्यालय सहित अन्य स्कूलों के करीब 80 प्रतिनिधियों (डेलिगेट्स) ने भाग लिया। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति के रूप में एमडीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, अंबाला शहर की वरिष्ठ अंग्रेजी प्रवक्ता सुदेश शर्मा तथा एसडी पब्लिक स्कूल, जगाधरी के पीजीटी फिजिक्स विक्रम वर्मा उपस्थित रहे। दोनों ही विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के आधार पर लाइफ स्किल्स के महत्व को रोचक एवं गतिविधि-आधारित तरीकों से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में लाइफ स्किल्स का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक एवं स्वस्थ वातावरण बन सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावी संवाद और तनावमुक्त कक्षा ही मजबूत शैक्षणिक आधार तैयार करती है। कार्यशाला के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया, जिससे सत्र जीवंत और सहभागितापूर्ण बना रहा।

#### प्राचार्या ने दी आगे बढ़ने की प्रेरणा

विद्यालय की प्राचार्या अनुजा भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि लाइफ स्किल्स केवल कक्षा तक सीमित नहीं हैं बल्कि दैनिक जीवन में भी इनका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि इस दौर में बढ़ती पेशेवर प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों में भावनात्मक एवं व्यवहारिक समझ विकसित करना जरूरी है, जिससे वे सही दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिभावकों को भी इन कौशलों को अपनाने की सलाह दी। प्राचार्या ने दोनों संसाधन व्यक्तियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिक्षात्मक व मनोरंजक गतिविधियों में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**बराड़ा।** गांव साहा के आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्कूल रेडीनेस मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीडीपीओ ईशा रानी एवं सुपरवाइजर सुजाता के मार्गदर्शन में किया गया। मेले में गांव की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं हेल्परों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न शिक्षात्मक व मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य उन्हें स्कूल के माहौल के लिए तैयार करना था। बच्चों को खेल-खेल में सीखने की गतिविधियों से जोड़ा गया, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ-साथ बुनियादी कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर सुजाता ने कहा कि ऐसे मेले बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें प्रारंभिक शिक्षा के लिए तैयार करते हैं।




बराड़ा। बैठक में भाग लेने वाले टीचर्स। फोटो: हरिभूमि

# टीईटी की थोपी गई शर्त को लेकर भड़के शिक्षक, किया प्रदर्शन

- मिड डे मील में बिना एक्सपायरी डेट के सामान पर भी उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला बैठक में शिक्षकों का गुस्सा खुलकर सामने आया। 2010 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों पर टैट (टीईटी) की शर्त थोपे जाने को लेकर संघ ने सरकार पर तीखा हमला बोला और इसे अव्यवहारिक व अन्यायपूर्ण"करार दिया। हल्का मुलाना में जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार की कमजोर पैरवी के चलते ही यह स्थिति बनी है, जिसका खामियाजा अब वर्षों से सेवाएं दे रहे अध्यापकों को भुगतना पड़ रहा है। राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने साफ चेतावनी दी कि यदि यह फैसला वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा और अप्रैल में विधायकों को ज्ञापन देकर सरकार को घेरा जाएगा। बैठक में मिड डे मील योजना को लेकर भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए गए। जिला प्रेस सचिव अशोक नोहनी ने कहा कि स्कूलों में अवकाश के दिन राशन भेजकर शिक्षकों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि भेजे गए दाल और मसालों के पैकेट पर न कोई ट्रेडमार्क है और न ही एक्सपायरी डेट। इसे बच्चों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ बताया गया। जिला ऑडिटर तलविंदर काजल ने मिड डे मील की कुकिंग कॉस्ट को जमीन से कटी हुई बताते हुए तत्काल संशोधन की मांग की। प्रधान जसमत नन्हेड़ा ने विभागीय ऋण की शक्तियां निदेशालय स्तर पर केंद्रीकृत करने को शिक्षकों को दफ्तरों के चक्कर कटवाने वाला फैसला बताया।

#### जताई नाराजगी

राज्य कमेटी सदस्य बृजमोहन ने जनगणना और बीएलओ ड्यूटी को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बिना किसी तालमेल के स्कूलों से बड़े पैमाने पर स्टाफ को ड्यूटी पर लगा दिया गया है, जिससे दाखिला अभियान और शैक्षणिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस बैठक में अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुदेश सैनी, लाभ सिंह, योगेंद्र चौहान, अरविंद गोयल, सज्जन कुमार, हरदेव सिंह, प्रदीप कुमार और देवानंद सहित कई पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और सभी ने एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया।

# खेलों में युवाओं का उज्ज्वल भविष्य

- पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने युवाओं को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर



शहजादपुर। प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते अशोक मेहता।

शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब, तंदवाल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल के मैदान में उत्साह और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मेहता ने प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अशोक मेहता ने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस दौर में युवा न केवल डॉक्टर या वकील बनकर, बल्कि खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाकर भी शानदार करियर बना सकते हैं। मेहता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उन्हें सही मंच और अवसर की तलाश है। ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देती हैं। अशोक मेहता ने सरकार से पुरजोर मांग की कि ग्रामीण अंचलों में 'खेल नर्सरियां' खोली जाएं, ताकि जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशा जा सके और वे देश-प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

### 6600 वर्गगज जमीन को लेकर फिर बढ़ा विवाद

**अंबाला।** श्री आत्मानंद जैन (एसए जैन) सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला शहर के नाम से पंजीकृत श्री संघ की करीब 6600 गज कीमती जमीन का विवाद गहरा गया है। समाजसेवी व पूर्व प्रिंसिपल नीरज बाली ने आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन समिति के कुछ सदस्यों द्वारा बिरादरी को अंधेरे में रखकर इस जमीन को बेचने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि अंबाला शहर के रतनगढ़ रोड स्थित इस जमीन को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से 5 फरवरी को श्री आत्मानंद जैन हाई स्कूल समिति का कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोबारा पंजीकरण करवाया गया है।

# मातृ स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

- अधोया में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर आरएचटीसी अधोया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह केंद्र एमएमआईएमएसआर मेडिकल कॉलेज का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव को बढ़ावा देना रहा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस प्रत्येक वर्ष 11 अप्रैल को कस्तूरबा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य गर्भावस्था, प्रसव एवं प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिलाओं को उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, मातृ मृत्यु दर में कमी लाना और सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक चिकित्सा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कशिश ग्रोवर के मार्गदर्शन में तथा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कमलजीत कौर के नेतृत्व में किया गया। डॉ. मोहित शर्मा और डॉ. नुपुर ने आयोजन को सफल बनाने एवं प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# सिर्फ इंडस्ट्रियल एरिया नहीं, पूरे कैंट को चाहिए बाढ़ से सुरक्षा का कवच

- युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि टांगरी नदी के किनारों को मजबूत करने से ही मिलेगा स्थायी समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने अंबाला कैंट में बाढ़ सुरक्षा को लेकर चल रही तैयारियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में चारों ओर बन रहे सुरक्षा कवच का हम स्वागत करते हैं लेकिन इंडस्ट्रियल एरिया के चारों ओर सुरक्षा कवच के साथ साथ पूरे कैंट खासकर टांगरी नदी के किनारे बसे रिहायशी इलाकों को भी इसी तरह की सुरक्षा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार को यह समझना होगा कि इंडस्ट्रियल एरिया और नदी के बीच एक बड़ा रिहायशी क्षेत्र है, जहां पिछले वर्ष आई बाढ़ के दौरान हफ्तों तक पानी जमा रहा था। टांगरी के इलाके जैसे रामपुर सरसेहडी, चंदपुरा, आज़ाद नगर,नग्गल,करधान,खोजकीपुर,प्रभुप्रेम पुरम,पूजा विहार,न्यू प्रीत नगर,प्रीत नगर,इंद्रपुरी,जनकपुरी अनेकों ऐसी कॉलोनियां है जहां लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा और आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। यहां इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने जाने वाले लोगों के आने-जाने के रास्ते भी बाधित हो गए थे। "अगर टांगरी नदी के दोनों किनारों पर सही तरीके से बंधे बना दिए जाए और पानी को टांगरी नदी के अंदर ही नियंत्रित कर लिया जाए।

# डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर पंद्रह लाख की ठगी, पुलिस ने दर्ज किया केस

## डैहर गांव के व्यक्ति से हुई ठगी, अब पुलिस कर रही मामले की जांच

- दबाव बनाने पर कंपनी ने 15 लाख का चेक दिया जो बैंक में बाउंस हो गया, पीड़ि ने पुलिस से न्याय की गुहर लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

डैहर गांव के सुभाष चंद के साथ दिल्ली की पेंट कंपनी ने 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर दी। आरोप है कि दिल्ली स्थित मैसर्स ब्राइट फेथ प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और मैनेजर ने डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठ ली लेकिन बाद में आरोपी अपनी प्रतिबद्धताओं से मुकर गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित सुभाष चंद ने डीएसपी को दी शिकायत में बताया कि कंपनी के एमडी एसएम आतिफ जमाल और मैनेजर वरुण डोगरा ने उनके बेरोजगार बेटे को व्यवसाय का सुनहरा भविष्य दिखाया। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने श्री राम ट्रेडिंग कंपनी नाम से फर्म बनाई और फरवरी 2024 में विभिन्न किश्तों में 15 लाख रुपये कंपनी के खाते में आरटीजीएस कर दिए। इकरारनामे के मुताबिक, कंपनी को तीन माह में माल की बिक्री की गारंटी देनी थी और गोदाम के किराये का आधा हिस्सा देना था। पीड़ित ने कालाअंब रोड पर किराये का गोदाम लेकर माल रखवाया लेकिन न तो कंपनी का स्टाफ माल बेचने आया और न ही खर्चों का भुगतान किया गया। दबाव बनाने पर कंपनी ने 15 लाख का चेक दिया जो बैंक में बाउंस हो गया। आरोप है कि जब पीड़ित दिल्ली कार्यालय पहुंचा तो आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को बदमाशों के नाम पर जान से मारने की धमकी दी।




### आकाश एजुकेशन ने इंडियन आर्मी के साथ एमओयू साइन किया

**पटियाला।** आकाश एजुकेशन ने इंडियन आर्मी के जवानों और उनके परिवारों, जिनमें सेवारत जवान, सेवानिवृत्त जवान, वीरता पुरस्कार विजेता,ए दिव्यांग जवान और सेवा के दौरान शहीद हुए जवानों के परिवार शामिल हैं, के कल्याण के लिए इंडियन आर्मी के साथ एमओयू साइन किया है।गुरुवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आकाश एजुकेशन के अधिकारियों ने बताया कि इस एमओयू के तहत, आकाश एजुकेशन अपने अखिल भारतीय केंद्रों और शाखाओं में स्थित पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के इच्छुक भारतीय सेना के छात्रों को लाभ प्रदान करेगी।एमओयू पर इंडियन आर्मी के कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर और आकाश एजुकेशन के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड, दिल्ली-एनसीआर, डॉ यश पाल ने हस्ताक्षर किए है।एमओयू का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के जवानों और उनके परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देना है, जिसमें देशभर में स्थित आकाश एजुकेशन केंद्रों में पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना भी शामिल है।

### आग की वजह से छह एकड़ फसल जलकर स्वाहा, मुश्किल से आग पर पाया काबू

**अंबाला।** समलेहड़ी और खारू खेड़ा गांव में दोपहर करीब तीन बजे गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते-ही देखते 5 से 6 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल और 3 एकड़ फाने जलकर नष्ट हो गए। आग इतनी भीषण थी कि चंद मिनटों में इसने कई किले फसल को आगोश में ले लिया। किसानों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी हमेशा की तरह देरी से पहुंची। दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही स्थानीय किसानों ने खुद मोर्चा संभाला और ट्रैक्टरों की मदद से खड़ी फसल को जोतकर आग के घेरे को आगे बढ़ने से रोका गया और कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया। समलेहड़ी के किसान निर्मल सिंह ने बताया कि उनकी तीन एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### अंबाला सर्कल सैनी सभा की ओर से हर साल होता है भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# ज्योतिबा फुले के जयंती समारोह में छात्रों ने जमाया रंग, सुंदर प्रस्तुतियों से मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। सैनी हाई स्कूल के छात्रों के साथ सभा के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

अंबाला सर्कल सैनी सभा में इस बार भी महात्मा ज्योतिबा सावित्रीबाई फुले का जयंती समारोह बड़ी ही धूमधाम से बनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सैनी सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात सैनी हाई स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया सैनी अंबाला सर्कल सैनी सभा के कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर आधारित संबोधन किया। कार्यक्रम के दौरान सैनी हाई स्कूल के बच्चों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंबाला सर्कल सैनी सभा के मेंबर ओम प्रकाश सैनी सभा के प्रांगण में मरणों उपरांत अपनी बॉडी कल्पना चावला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज को दान स्वरूप भेंट करने की घोषणा की जिस पर सभा की प्रधान व पाटर्नर मेंबरों ने 87 वर्षीय ओम प्रकाश सैनी का पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि ओमप्रकाश सैनी करीब 50 वर्षो से अंबाला सर्कल सैनी सभा को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने मरणो उपरांत अपनी बॉडी दान करने की घोषणा कर अन्य समाज को भी एक प्रेरणादायक संदेश दिया है। इस अवसर पर पाटर्नर मेंबर सुरजीत सिंह सौंडा, पूर्ण प्रकाश सैनी, उपप्रधान मोहन लाल, शमशेर सैनी हल्द्री, स्कूल कोऑर्डिनेटर रामचंद्र सैनी, अनिल सैनी, स्वर्ण सैनी, नैब सैनी, यूथ विंग के प्रधान आशु सैनी, नरेश सैनी, दीपक सैनी, बलविंदर सैनी बहबलपुर, मनोज सैनी, बलजीत सैनी, श्रीकृष्ण सैनी, ज्ञानचंद सैनी, राज कृष्ण सैनी, अश्वनी गुप्ता, कृष्ण सैनी, गोल्डी सैनी, बिट्टू सैनी बहबलपुर भी सदस्य मौजूद रहे।

### शिलान्यास कार्यक्रम के लिए रवाना हुए लोग

**अंबाला।** अंबाला सर्कल सैनी सभा के प्रांगण से सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी के नेतृत्व में एक रैली रवाना हुई। यह कुरुक्षेत्र जिला के बाबैन बरगट रोड पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह के लिए रवाना हुई। इस दौरान प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट का शिलान्यास करने हेतु मुख्यमंत्री नायब नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंच रहे हैं। जिनके द्वारा शिलान्यास करने के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभा के प्रधान देवेंद्र सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज के सदस्य अंबाला शहर से रवाना हुए। प्रधान देवेंद्र सैनी ने बताया कि इस शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने की है।